
54 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या- 25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web: muzaffarnagarbulletin.co.in




**अमृतवाणी**

संतोष की भाषा धीमी होती है, क्योंकि वह शब्दों और मौन दोनों में व्यक्त होती है।

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

आखिर सपा के गढ़ कहे जाने वाले क्षेत्रों ही से बार-बार आतंकी क्यों पकड़े जा रहे हैं : ओमप्रकाश राजभर



है सियासत में ये बुराई भी .... वो गुनाहों का साथ देती है.....

सूर्योदय - 5:19, सूर्यास्त - 7:15 | वर्ष : 54/ अंक : 152 | बुधवार, 03 जून 2026 | ज्येष्ठ, कृष्ण पक्ष, तृतीया | सम्वत 2083 | मूल्य : 3 रुपये | कुल पृष्ठ : 4

# किसानों के हक पर 44 करोड़ का डाका

▶ **सरकारी सब्सीडी के 15.12 लाख किलो यूरिया तस्करी कर भेजने वाला गिरोह पकड़ा**

▶ **सरकार किसानों के लिए देती थी अनुदान और तस्करी कर हरियाणा भेज रहे थे सामान**

▶ **गिरोह के आठ सदस्य दबोचे, साठ लाख का 454 कट्टे अनुदानित यूरिया किया बरामद**

**मुजफ्फरनगर, 2 जून (बु.)।** एक ओर सरकार सब्सीडी पर किसानों को सस्ता यूरिया भेज रही थी वहीं यूरिया की कमी को लेकर हा-हाकार मचा था। दूसरी ओर एक पूरा गिरोह मिली भगत कर किसानों के हक पर डाका डाल रहा था। करोड़ों रुपये का 15.12 लाख किलोग्राम अनुदानित यूरिया तस्करी कर हरियाणा की फैक्ट्रियों को भेजने वाले गिरोह के आठ लोगों को पुलिस ने दबोच लिया। पकड़े जाते समय उनके पास से करीब 60 लाख रुपए मूल्य का अनुदानित यूरिया बरामद हुआ है।

जानसठ क्षेत्र में स्थित कवाल पुल के नीचे दो पिकअप, एक कैंटर और एक कार को पकडा गया है। इन से 454 बोरे यूरिया के बरामद किए गए। यह अनुदानित यूरिया जनपद से बाहर यमुना नगर और हरियाणा ले जाया जा रहा था। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तीन दुकानदार समेत आठ लोगों को





गिरफ्तार किया है। पिछले कई दिनों से जिला कृषि अधिकारी राहुल तेवतिया को अनुदानित यूरिया की कालाबाजारी की शिकायत मिल रही थी। उन्होंने इस संबंध में डीएम उमेश मिश्रा को बताया। डीएम उमेश मिश्रा तत्काल प्रभाव से कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उधर एसएसपी ने भी स्थानीय पुलिस और एसओजी टीम को कार्रवाई करने के निर्देश दिए। एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने प्रेसवार्ता करते हुए बताया कि सोमवार की रात्रि में उक्त अनुदानित यूरिया को जनपद से बाहर लेकर जाने का इनपुट मिला। कृषि अधिकारी राहुल तेवतिया, वरिष्ठ लिपिक राहुल चौधरी, सचिन पुंडीर आदि ने पुलिस टीम के साथ जानसठ क्षेत्र में कवाल पुल से पहले जानसठ की तरफ हाईवे पर बैरियर लगाकर वाहनों की चेकिंग शुरू कर दी गयी। इस बीच जानसठ की तरफ से एक सफेद रंग की ओरा गाड़ी आती दिखाई दी। जिसके पीछे कुछ दूरी पर 01 कैंटर व 02 पिकअप गाड़ियां चल रही थीं। पुलिस ने उक्त वाहनों को रोक लिया और पांच लोगों को हिरासत में लिया। वहीं गाड़ी से 04 कट्टे, कैंटर से 350 कट्टे तथा दोनों पिकअप गाड़ियों से 100 कट्टे अनुदानित यूरिया बरामद किया गया। पकड़े गए व्यक्तियों द्वारा बरामद यूरिया के सम्बन्ध में 03 बिल दिखाए गए जिन्हें जिला कृषि अधिकारी द्वारा जांचोपरान्त फर्जी बताया गया। बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तीन दुकानदारों को भी पकड़ लिया। जहां से उक्त यूरिया बाहर भेजा जा रहा था।

## ये आरोपी हुए गिरफ्तार

**मुजफ्फरनगर।** पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अनुदानित यूरिया की कालाबाजारी में जुटे तनवीर तेली पुत्र रफीक अहमद निवासी पडौली रोड नागल थाना नागल, राहिल राणा पुत्र अशरफ निवासी दौलतपुर थाना सदर यमुनानगर, रियासत पुत्र करामत अली निवासी चैंदाहेड़ी थाना देवबंद, मोहित पुत्र रामशरण निवासी तिगरा थाना सदर, यमुनानगर, मनीष पुत्र पृथ्वी सिंह निवासी सादीपुर थाना सदर, यमुनानगर, सौरभ उर्फ हिमांशु पुत्र राकेश निवासी नेहरु चौक भौकरहेड़ी थाना भोपा, रोहन उर्फ प्रियांशु पुत्र संजय कुमार निवासी नगला लक्खूपुरा, दक्षिणी भौकरहेड़ी थाना भोपा, और सूर्य प्रताप उर्फ तुषार पुत्र रामकुमार निवासी मजलिसफुर तौफीर थाना भोपा को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सभी आठ आरोपियों को जेल भेज दिया है।

## यह माल किया गया बरामद

- 350 कट्टे अनुदानित यूरिया एचयूआरएल मार्का
- 103 कट्टे अनुदानित यूरिया केआरआईबीएचसीओ मार्का
- 1 कट्टा अनुदानित यूरिया आरसीएफ मार्का
- बरामद कुल यूरिया का वजन 20.43 हजार किलोग्राम
- 1 ह्युंडई ओरा कार, 1 कैंटर, 2 पिकअप गाड़ी
- बरामद सामान की अनुमानित कीमत करीब 60 लाख रुपए

## छह माह में 15.12 लाख किलोग्राम अनुदानित यूरिया की कालाबाजारी

**मुजफ्फरनगर।** एसएसपी ने बताया कि आरोपियों द्वारा विगत 06 माह में लगभग 15.12 लाख किलोग्राम अनुदानित यूरिया की कालाबाजी की जानकारी हुई है। जिसमें से 20.43 हजार किलोग्राम यूरिया थाना जानसठ पुलिस द्वारा बरामद किया गया है।

## प्लाईवुड फैक्ट्रियों को भेजा जाता था किसानों के हक का यूरिया

**मुजफ्फरनगर।** एसएसपी ने बताया कि पूछताछ में यह भी ज्ञात हुआ कि प्लाईवुड फैक्ट्रियों मे ग्लू बनाने के लिए इण्डस्ट्रियल टेक्निकल ग्रेड-1 यूरिया का प्रयोग किया जाता है। जिससे बने ग्लू का ग्रेड-1 यूरिया का 80-100 रुपए प्रति किलोग्राम खर्चा आता है। जबकि किसानों का आवंटित यूरिया से ग्लू बनाने का खर्चा 5-6 रुपए प्रति किलोग्राम पड़ता है। इसलिए प्लाईवुड फैक्ट्रियों में इसकी बहुत मांग ज्यादा होती है। जिसके चलते यूरिया की कालाबाजारी की जा रही थी।

## ऐसे आंखों में धूल झोंकता था गिरोह

**मुजफ्फरनगर।** पकड़े जाने से बचने के लिए यह गिरोह पूरी एहतियात से आंखों में धूल झोंकने का काम करता था। एसएसपी ने बताया कि इस अन्तर्राज्यीय गिरोह का मास्टरमांइड तनवीर तेली पूरी भूमिका बनाकर किसानों का अनुदानित यूरिया बाहर ले जाया जाता था। उक्त आरोपियों का एक संगठित गिरोह है। आरोपी किसानों के लिए अनुदानित यूरिया को अवैध तरीके से सौरभ उर्फ हिमांशु निवासी नेहरु चौक भोकरहेड़ी थाना भोपा, रोहन उर्फ प्रियांशु निवासी नगला लक्खूपुरा, दक्षिणी भोकरहेड़ी और सूर्य प्रताप उर्फ तुषार निवासी मजलिसपुर तौफीर थाना भोपा की खाद की दुकान से निर्धारित दाम से अधिक दाम में खरीदते थे। हालांकि यह दाम बाजार मूल्य से कम होता था, क्योंकि दुकान पर सब्सीडी रेट पर माल आता था। पुलिस से बचने के लिए तनवीर अपनी कार से आगे रैकी करते हुए चलता था। उसके पीछे उक्त माल वाहन चलते थे। रास्ते में कोई परेशानी न हो इसके लिए फर्जी बिल भी इन्हीं दुकानदारों से बनवाते थे। एक अन्य साथी संजय निवासी कानो वाली रायसी लक्सर, हरिद्वार भी साथ काम करता है जो आज नहीं आया था। खाद बेचकर जो भी मुनाफा होता था उसे सभी लोग काम के हिसाब से आपस में बांट लेते थे।

# गांधी कॉलोनी में 'राधा स्वामी कॉम्पलेक्स' के बाहर बिजली का खम्भा लगाने पर क्षेत्र के लोगों ने की फजीहत















**मुजफ्फरनगर, 2 जून (बु.)।** विद्युत विभाग के नए-नए कारनामे आए दिन सबके सामने खुलकर आते रहते हैं, उसके बावजूद भी विभाग आम जनता का उत्पीड़न करने से बाज नहीं आ रहा है। गांधी कॉलोनी के गोलोकधाम मंदिर के सामने राधा स्वामी कॉम्पलेक्स के बाहर उस समय हंगामा खड़ा हो गया जब वार्ड-37 के सभासद अमित शर्मा ने क्षेत्र में विकास करने के लिए राधा स्वामी कॉम्पलेक्स के अंदर सड़क निर्माण का कार्य शुरू कराया। सड़क निर्माण के दौरान विद्युत विभाग ने अपना एक पोल राधा स्वामी कॉम्पलेक्स के बाहर ही खड़ा कर दिया, जिससे कॉम्पलेक्स के अंदर आने-जाने वाले और वहां के निवासी 15 परिवारों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। इस मामले में क्षेत्रीय लोगों ने बताया कि कॉम्पलेक्स के अंदर वाहन आने-जाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बड़ी बात यह रही कि हर बार की तरह विभाग के जेई ने कई बार फोन करने पर भी फोन नहीं उठाया। इसी के विरोध में क्षेत्र के लोगों ने जमकर विरोध प्रदर्शन किया और विद्युत विभाग के खिलाफ नारेबाजी की। समाचार लिखे जाने तक बिजली का खम्भा ज्यों की त्यों हालत में कॉम्पलेक्स के बाहर ही खड़ा था और विभाग द्वारा किसी तरह का कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया।

## यूपी में छह महीने तक हड़ताल करने पर पाबंदी, जारी किया गया आदेश

**लखनऊ, 2 जून (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य में छह महीने तक कर्मचारियों के हड़ताल करने पर रोक लगा दी है। इस संबंध में आदेश जारी कर दिया गया है। इस आदेश के अनुसार, विभागों, निगमों और प्राधिकरणों में छह माह के लिए हड़ताल पर पाबंदी लागू हो गई है। यह आदेश उत्तर प्रदेश अत्यावश्यक सेवाओं के अनुरक्षण अधिनियम, 1966 की धारा तीन की उपधारा के अधीन शक्तियों का प्रयोग करके जारी किया गया है।

## नहर के पुल के नीचे मिला अधजला नग्न शव, हत्या की जताई आशंका

**बुढ़ाना, 2 जून (बु.)।** कोतवाली बुढ़ाना क्षेत्र के गांव चंधेड़ी में बड़कता मार्ग पर सूखी नहर के पुल के नीचे मंगलवार सुबह करीब 32 वर्षीय अज्ञात युवक का अधजला और नग्न शव मिलने से सनसनी फैल गई। शव के दोनों हाथ बंधे थे और आवारा कुत्तों ने उसे नोंच रखा था, जिससे हत्या कर शव फेंके जाने की आशंका जताई जा रही है। ग्रामीणों के मुताबिक जब किसान खेतों की ओर जा रहे थे, तो ग्राम प्रधान पुरुषोत्तम के खेतों के पास सूखी नहर के पुल के नीचे शव पड़ा दिखा। सूचना पर उकावली पुलिस चौकी प्रभारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और कोतवाल सुभाष बाबू अत्री को जानकारी दी।

पुलिस ने शव की शिनाख्त के प्रयास किए, लेकिन पहचान नहीं हो सकी। शव 2-4 दिन पुराना और जला हुआ प्रतीत हो रहा है। पुलिस ने शव की फोटो-वीडियोग्राफी कराते हुए आसपास के थानों को सूचना भेजी और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फोरेंसिक टीम ने भी मौके से साक्ष्य जुटाए। घटनास्थल पर एसपी देहात अक्षय संजय महाडिक और सीओ बुढ़ाना गजेंद्र पाल सिंह पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों से शव के संबंध में जानकारी ली। पुलिस का कहना है कि शव कैसे जला और उसे यहां किसने फेंका, यह पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही स्पष्ट होगा। समाचार लिखे जाने तक शव की शिनाख्त नहीं हो सकी थी।

# गंगा बैराज में बहाया जाना था रॉकी का शव

▶ गंगनहर में फेंका गया कटा सिर मिलने की भी कोई उम्मीद नहीं

▶ रॉकी की पत्नी रेणू, उसका बेटा बादल, निशा व शुभम अभी फरार

**मुजफ्फरनगर, 2 जून (बु.)।** सिखेड़ा थाना क्षेत्र के गांव बेहड़ा अस्सा के विकसित उर्फ रॉकी का शव पहले गंगा बैराज में फेंकने की योजना थी, लेकिन वहां आवाजाही अधिक होने और पकड़े जाने के भय से शव को भोपा लाया गया। रॉकी की हत्या अपहरण के बाद की गयी। पकड़े गए आरोपी ने बताया है कि उसके सौतेले बेटे ने अपने साथियों के साथ उसका अपहरण किया और बडौत में ले जाकर कमरे में बंद करने के पश्चात पहले उसकी पिटाई की। उसके बाद गोली मारकर हत्या कर दी। आरोपी शव को स्कार्पियो कार में रखकर गंगा बैराज पर लेकर पहुंचे थे, लेकिन आवाजाही के कारण शव को लेकर गांव कादीपुर के जंगल में पहुंचे। पहचान छिपाने के इरादे से खेत में गर्दन काटकर धड़ को गड्ढा खोदकर दबा दिया। पुलिस पत्नी व अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है। मुख्य आरोपी रॉकी की पत्नी रेणू, उसका बेटा बादल, निशा व शुभम अभी फरार हैं। गंग नहर में कटा सिर मिलने की भी कोई उम्मीद नहीं है। भारी पुलिसबल की मौजूदगी में धड़ का अंतिम संस्कार कर दिया गया।

### ऋषिकेश जाते समय रास्ते में किया गया अपहरण

बेहड़ा आस्सा के विकसित उर्फ रॉकी की हत्या को लेकर एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने प्रेसवार्ता में बताया कि मूलरुप से गांव बेहड़ा अस्सा, हाल पता भोपा थाना क्षेत्र के मोहल्ला हरिकुंज कालोनी निवासी विकसित उर्फ रॉकी 18 मई को अपनी दूसरी पत्नी रेणू के साथ मारपीट के मामले में वारंट पर ऋषिकेश में कोर्ट में पेश होने के लिए गया था। रास्ते में उसके सौतेले बेटे बादल ने अपने साथियों के साथ मिलकर उसका अपहरण कर लिया। आरोपी उसे लेकर बडौत पहुंचे। मारपीट करने

शेष समाचार : पृष्ठ-4 पर पढ़ें



### सौतेले बेटे ने रची थी वारदात की साजिश

**मुजफ्फरनगर।** एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने बताया कि रॉकी के सौतेले बेटे ने पूरी वारदात की साजिश रची थी। सौतेला बेटा अपने दूसरे पिता रॉकी को पंसद नहीं करता था। उसे उसकी मां रेणू के साथ उसके संबंध पंसद नही थे। इसके अलावा प्रॉपर्टी को लेकर भी विवाद था, क्योंकि उसकी मां के नाम पर काफी सम्पत्ति थी। रॉकी सम्पत्ति को काफी खर्च कर रहा था। इसके साथ रॉकी से उसकी मां को दूसरी संतान होने पर उसे सम्पत्ति बंटवारे का डर था। इसी कारण उसने वारदात की प्लानिंग की ताकि रॉकी को रास्ते से हटाया जा सके। इसके अलावा बड़ौत में घटनास्थल पर गोली मारने के बाद फिनाइल डालकर साक्ष्य मिटाए गए थे। पुलिस फरार आरोपी रेणू, उसका बेटा बादल, निशा व शुभम की तलाश कर रही है। रॉकी का गंग नहर में फेंका गया कटा सिर मिलने की उम्मीद नहीं के बराबर है।

### बड़ौत के शो रूम में काम करते हुई थी पहचान

**मुजफ्फरनगर।** रॉकी पहली पत्नी से तलाक के बाद बागपत के बड़ौत में एक कार शोरुम में काम कर रहा था। यहां उसकी मुलाकात रेणू निवासी बावली के साथ हुई। रेणू के पहले पति ने आत्महत्या कर ली थी। दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ने पर वर्ष 2019 में दोनों ने शादी कर ली। आरोपी बादल रेणू के पहले पति का बेटा है। वह 18 मई को अपनी पत्नी रेणू के साथ घर से निकला था। उसी शाम उसकी फोन पर अपनी मां से बात हुई थी, लेकिन उसके बाद उसका मोबाइल बंद हो गया। शुरू में रेणू परिवार व पुलिस को गुमराह करती रही। उसके बाद 26 मई को बेटे बादल व पुत्रवधु निशा को साथ लेकर घर से चली गयी, जिसके बाद पुलिस को उस पर शक हो गया।

# शाहपुर में दर्दनाक हादसा: गैस गोदाम पर लाइन में खड़े लोगों को कार ने रौंदा, एक की मौत, दो गंभीर घायल

**शाहपुर, 02 जून (बु.)।** कस्बे के मुजफ्फरनगर रोड स्थित इंडेन गैस गोदाम के बाहर मंगलवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब गैस सिलेंडर लेने के लिए लाइन में खड़े लोगों को एक अनियंत्रित कार ने टक्कर मार दी। हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर भगदड़ मच गई और लोगों में दहशत फैल गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, एक महिला द्वारा चलाई जा रही कार गैस एजेंसी गोदाम की ओर जा रही थी। इसी दौरान कार बैक करते समय अनियंत्रित हो गई और तेज गति से गैस लेने के लिए लाइन में खड़े उपभोक्ताओं को टक्कर मार दी। हादसे में पलड़ी निवासी कय्यूम पुत्र अय्यूब कार की चपेट में आ गए, जिनकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं शेखर पुत्र राजेंद्र निवासी सोरम सहित एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद गैस गोदाम के बाहर मौजूद लोगों में भगदड़ मच गई। स्थानीय लोगों ने तत्काल घायलों को उपचार के लिए शाहपुर अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद शेखर की गंभीर हालत को देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए मुजफ्फरनगर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। सूचना मिलते ही सीओ बुढ़ाना गजेंद्र पाल सिंह और एसओ शाहपुर गजेंद्र सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। दुर्घटना में शामिल कार को पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। समाचार



लिखे जाने तक कार चालक की गिरफ्तारी नहीं हो सकी थी। पुलिस मामले की सभी पहलुओं से जांच कर रही है। सूचना मिलते ही ग्राम प्रधान मोनू सैनी पीड़ित परिवार के साथ घटनास्थल पर पहुंचे तथा सबका पंचनामा भरवा कर पोस्टमार्टम कराने के लिए जिला मुख्यालय चले गए। यह हादसा क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है और मृतक के परिवार सहित पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है।





# किसान संगठन का पोस्टर लगी अनियंत्रित तेज रफ़्तार काली बोलेरो ने आतंक मचाया

▶ स्कूटी सवार को टक्कर मार स्कूटी को एक किलोमीटर तक खींच ले गए बोलेरो सवार

**मीरापुर, 2 जून (बु.)।** रुपयों के लेनदेन के विवाद के बाद किसान संगठन का पोस्टर लगी काली बोलेरो कार सवार युवकों ने जमकर आतंक मचाया।बोलेरो कार सवार युवकों ने मौहल्ले में तेज रफ्तार से कार को दौड़ाते हुए एक स्कूटी सवार को टक्कर मार दी। स्कूटी सवार बाल बाल बच गया,टक्कर के बाद बोलेरो के नीचे फसी स्कूटी को बोलेरो सवार युवक एक किलोमीटर दूर तक खींच ले गए।इस दौरान कई लोग घायल होने से बाल बाल बच गए।मौहल्ले वासियों ने थाने पहुँचकर तहरीर देते हुए कार्यवाही की मांग की। कस्बे की पंजाबी कालोनी निवासी प्रज्वल सुखीजा की मौहल्ले में ही कंफेक्सनरी की दुकान है।कुछ दिन पूर्व भुम्मा रोड़ निवासी सूर्या चौहान ने प्रज्वल से पांच हजार रुपये उधार लिए थे।शाम के समय






प्रज्वल ने सूर्या से रुपये मांगे तो दोनों में कहासुनी हो गई। जिस प्रज्वल सूर्या की बाइक यह कहकर घर लेकर आ गया कि उधार के रुपये दे देना और बाइक ले जाना, जिसके बाद देर रात्रि सूर्य कुछ युवकों के साथ एक किसान संगठन का बैनर लगी काली बोलेरो कार लेकर प्रज्वल की दुकान पर पहुँचा। आरोप है कि बोलेरो सवार युवकों ने यहाँ गाली गलौज शुरू कर दी, जिस पर मौहल्ले में भीड़ जुट गई। आरोप है कि इसके बाद बोलेरो सवार युवकों ने गाड़ी को मौहल्ले में 100 से ज्यादा गति से दौड़ा दिया। इस दौरान सामने से आ रहे मौहल्ले के चेतन राजवंशी की स्कूटी में टक्कर मार दी। इस दौरान चेतन तो बाल बाल बच गया।किन्तु स्कूटी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गयी और बोलेरो के नीचे फस गयी। आरोप है कि इसके बाद भी बोलेरो सवार युवकों ने स्पीड नही कम की और नीचे फसी हुई स्कूटी को एक किलोमीटर तक खींच ले गए। इस दौरान मौहल्ले में भगदड़ मच गई। इस दौरान शुभम रस्तौगी, निखिल गुप्ता, प्रज्वल व राजकुमार बाल बाल बच गए। घटना के बाद मौके पर भीड़ जमा हो गयी और लोगों में आक्रोश फैल गया। मौहल्लेवासी एकत्र होकर टूटी स्कूटी लेकर थाने पहुँच गए और आरोपियों के विरुद्ध थाने में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की। कार चालक भी थाने पहुँच गया। पुलिस ने कार चालक सूर्या को थाने बैठा लिया।

# सरकार ने सीबीएसई के चेयरमैन और सचिव को हटाया

**विवादित ऑन स्क्रीन मार्किंग के टेंडर की जांच के आदेश; आज री-इवैल्यूएशन पोर्टल पर साइबर अटैक**

**नई दिल्ली, 2 जून (एजेंसी)।** केंद्र सरकार ने मंगलवार को ऑन स्क्रीन मार्किंग (एएसएम) विवाद के बीच सीबीएसई के चेयरमैन राहुल सिंह और सचिव हिमांशु गुप्ता का ट्रांसफर कर दिया। इसके अलावा एएसएम सर्विस के टेंडर और खरीद प्रक्रिया की जांच के लिए एक सदस्यीय कमेटी गठित कर दी है। ओएसएम प्रणाली में गड़बड़ी का खुलासा करने वाले 12वीं के छात्र सार्थक सिद्धांत आज दोपहर एक बजे संसद की स्थायी समिति के सामने पेश हुए। ऐसा पहली बार हुआ कि किसी मामले में कोई स्टूडेंट अपनी बात रखने के लिए बुलाया गया। उधर, सीबीएसई के री-इवैल्यूएशन पोर्टल पर साइबर अटैक हुआ। उइएए के अनुसार, 2 मिनट में 15 लाख एक्सेस अटेंप्ट हुए, जबकि 1 लाख से ज्यादा बार सिस्टम की फाइलों तक बिना अनुमति पहुंचने की कोशिश की गई। हालांकि, साइबर अटैक के बावजूद पोर्टल काम करता रहा और दोपहर 3 बजे तक 16 हजार से ज्यादा छात्रों ने आवेदन कर दिया। यह पोर्टल सोमवार से शुरू होना था। दरअसल, 13 मई को सीबीएसई ने 12वीं का रिजल्ट जारी किया था। इस बार पहली बार कॉपियां कंप्यूटर स्क्रीन पर चेक की गई थीं। रिजल्ट आने के बाद कई छात्रों ने नंबरों को लेकर शिकायत की, जिसके बाद पूरे मामले की जांच शुरू की गई है। सार्थक सिद्धांत ने संसद की स्थायी समिति के सामने एएसएम प्रणाली के लागू होने और इसके टेंडर प्रक्रिया में कथित अनियमितताओं को लेकर अपनी बात रखी। सार्थक सिद्धांत ने कहा- मेरे ब्लॉग के अनुसार कम से कम 15 खामियां हैं। इसके बाद




राहुल सिंह, चेयरमैन — हिमांशु गुप्ता, सचिव

शिक्षा मंत्रालय ने सीबीएसई से कोएम्प्ट को टेंडर देने को लेकर बोर्ड से रिपोर्ट मांगी। संसदीय स्थायी समिति के अध्यक्ष दिग्विजय सिंह ने बताया, 'सार्थक ने समिति के समक्ष अपनी बात रखी है। अब समिति उनके उठाए गए मुद्दों और सीबीएसई के जवाबों पर विचार करेगी।' वरिष्ठ आईएएस अधिकारी लोखंडे प्रशांत सीताराम को सीबीएसई का नया चेयरमैन नियुक्त किया गया है। वहीं, सचिव के पद पर सीनियर ब्यूरोक्रैट वरुण भारद्वाज को नियुक्त किया गया है।

# सनातन न्याय यात्रा को बम से उड़ाने की धमकी

**- श्रीकृष्ण जन्मभूमि केस के मुख्य पक्षकार आशुतोष ब्रह्मचारी को पाकिस्तान से कॉल, बोले- डरने वाला नहीं हूं**

**शामली, 2 जून (एजेंसी)।** शामली में श्री कृष्ण जन्मभूमि प्रकरण के मुख्यवादी पक्षकार और श्री कृष्ण जन्मभूमि मुक्ति निर्माण ट्रस्ट के अध्यक्ष आशुतोष ब्रह्मचारी महाराज को पाकिस्तान के मोबाइल नंबर से जान से मारने और प्रस्तावित सनातन न्याय यात्रा को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। आशुतोष ब्रह्मचारी महाराज का दावा है कि व्हाट्सएप कॉल पर न सिर्फ यात्रा को निशाना बनाने की चेतावनी दी गई, बल्कि भारत विरोधी टिप्पणियां और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के खिलाफ भी अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया। घटना की सूचना पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों को दे दी गई है। आशुतोष ब्रह्मचारी महाराज के अनुसार 1 जून की रात करीब 10:23 बजे पाकिस्तान के नंबर (+92 302 9854231) से लगातार तीन व्हाट्सएप कॉल आईं। बातचीत के दौरान कॉल करने वाले ने सनातन न्याय यात्रा को बम से उड़ाने, गंभीर परिणाम भुगतने और श्रीकृष्ण जन्मभूमि से जुड़े मुकदमे को लेकर धमकियां दीं। महाराज ने बताया कि कॉल की रिकॉर्डिंग, स्क्रीनशॉट और अन्य साक्ष्य सुरक्षित कर लिए गए हैं। आशुतोष ब्रह्मचारी ने बताया कि उन्हें इससे पहले भी पाकिस्तान से धमकियां मिल चुकी हैं, जिस पर न्यायालय ने संज्ञान लेते हुए सुरक्षा संबंधी आदेश जारी किए थे। उनका कहना है कि वह धमकियों से डरने वाले नहीं हैं और प्रस्तावित यात्रा तय कार्यक्रम के अनुसार निकाली जाएगी। घटना के बाद यूपी-112 को सूचना दी गई है। साथ ही कांधला थाना प्रभारी और शामली पुलिस अधीक्षक को भी मामले से अवगत कराया गया। महाराज ने केंद्र और राज्य सरकारों से उच्चस्तरीय जांच कराने तथा यात्रा की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है। आशुतोष ब्रह्मचारी महाराज ने कहा-धमकियां देकर कोई हमें रोक नहीं सकता। सनातन न्याय यात्रा अपने निर्धारित उद्देश्य के साथ निकलेगी।




# मेरठ में हिस्ट्रीशीटर को पकड़ने गई पुलिस पर हमला

**महिलाओं ने आरोपी को छुड़ाकर भगाया, 03 महिला समेत 04 हिरासत में**

**मेरठ, 2 जून (एजेंसी)।** लालकुर्ती थाना क्षेत्र में गैर जमानती वारंट तामील कराने पहुंची पुलिस टीम पर हिस्ट्रीशीटर के परिजनों और समर्थकों ने कथित रूप से हमला कर दिया। इस दौरान महिलाओं की भीड़ ने पुलिसकर्मियों को घेर लिया और धक्का-मुक्की के बीच आरोपी को छुड़ाकर भगा दिया। मामले में पुलिस ने तीन महिलाओं समेत चार लोगों को हिरासत में लिया है, जबकि फरार हिस्ट्रीशीटर की तलाश जारी है। जानकारी के अनुसार, लालकुर्ती के घोसी मोहल्ला निवासी बादल पुत्र मुन्नालाल थाने का हिस्ट्रीशीटर है और उसके खिलाफ कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। हाल ही में न्यायालय ने बादल और उसके भाई सोनी के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया था। मंगलवार को लालकुर्ती पुलिस वारंट तामील कराने उनके घर पहुंची थी। पुलिस ने जैसे ही बादल को पकड़ने का प्रयास किया, मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। देखते ही देखते बड़ी संख्या में महिलाएं और अन्य लोग पुलिसकर्मियों के आसपास एकत्र हो गए। आरोप है कि इस दौरान पुलिस का विरोध शुरू हो गया और माहौल तनावपूर्ण हो गया। पुलिस के अनुसार धक्का-मुक्की और हाथापाई के बीच महिलाओं ने बादल को छुड़ा लिया।





मौका मिलते ही वह वहां से फरार हो गया। पुलिस ने उसका पीछा करने का प्रयास किया, लेकिन वह पकड़ में नहीं आ सका। घटना के दौरान पुलिस ने बादल के भाई सोनी को गिरफ्तार कर लिया और उसे पुलिस वाहन में बैठा लिया। इसके बाद भी विरोध जारी रहा। पुलिस का आरोप है कि कुछ लोगों ने अभद्रता और हाथापाई की, जिसके बाद अतिरिक्त पुलिस बल बुलाया गया। मामले में पुलिस ने महिला पुलिसकर्मियों की मदद से तीन महिलाओं सहित चार लोगों को हिरासत में लिया है। सभी से पूछताछ की जा रही है और घटना के संबंध में कानूनी कार्रवाई की जा रही है। आरोप है कि इस दौरान कुछ महिलाएं चाकू, फावड़ा और डंडे लेकर सामने आ गईं और पुलिस कार्रवाई का विरोध करने लगीं।

सूचना मिलने पर थाना प्रभारी हरेंद्र पाल सिंह ने अतिरिक्त पुलिस बल मौके पर भेजा, जिसके बाद स्थिति पर काबू पाया गया। थाना प्रभारी हरेंद्र पाल सिंह ने बताया कि हिस्ट्रीशीटर बादल के खिलाफ 17 से अधिक मुकदमे दर्ज हैं। जिस मामले में वारंट जारी हुआ था, वह वर्ष 2016 में दर्ज किया गया था और वर्तमान में न्यायालय में विचाराधीन है। अदालत में पेश न होने के कारण उसके खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया गया था। इसी वारंट की तामील के दौरान यह पूरा घटनाक्रम सामने आया। पुलिस का कहना है कि फरार हिस्ट्रीशीटर बादल की तलाश में दबिश दी जा रही है। साथ ही पुलिस टीम के साथ हुई कथित अभद्रता और सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने के मामले में भी कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# सीएम फडणवीस की पत्नी ने ई-रिक्शा चलाया




**मुंबई, 2 जून (एजेंसी)।** विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर रविवार को भामला फाउंडेशन के विमेन-लेड ग्रीन मोबिलिटी प्रोग्राम के तहत पिंक ई-रिक्शा सहायता पहल की शुरुआत की गई। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की पत्नी अमृता फडणवीस ने ई-रिक्शा चलाया। वहीं, रिक्शा में उनके पीछे बॉलीवुड एक्ट्रेस भूमि पेडनेकर बैठी थीं। मीडिया से बातचीत करते हुए भूमि ने कार्यक्रम को लेकर कहा कि यह सिर्फ पर्यावरण से जुड़ी पहल नहीं है, बल्कि महिलाओं की सुरक्षा, सशक्तिकरण और आर्थिक आजादी को भी बढ़ावा देने वाला कदम है। एक्ट्रेस ने कहा कि जब भामला फाउंडेशन ने इस पहल के बारे में बताया, तो उन्होंने तुरंत इसका हिस्सा बनने की इच्छा जताई। उन्होंने कहा कि इसके तहत महिला ड्राइवरों को ई-रिक्शा दिए जाएंगे, जिससे उन्हें रोजगार और आर्थिक मजबूती मिलेगी। भूमि ने कहा कि अगर देश की महिलाएं सक्षम होंगी तो देश और तेजी से आगे बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण की बातें तो अक्सर होती हैं, लेकिन भामला फाउंडेशन ने इसे जमीन पर उतारकर दिखाया है।

# वैभव सूर्यवंशी पर आईआईटी इंदौर स्टडी करेगा

**माइंडसेट-मैनेजमेंट का स्कैन होगा, पता करेंगे 15 साल में कैसे बने सिक्सर किंग**

**जयपुर, 2 जून (एजेंसी)।** इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट (आईआईएम) इंदौर क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी को केस स्टडी में शामिल करने जा रहा है। वैभव मॉडल पर देश की पहली मल्टी-डिसिप्लिनरी स्टडी होगी। इसमें खेल-मनोविज्ञान-प्रबंधन के एक्सपर्ट मिलकर छोटी उम्र में बड़ी सफलता का फॉर्मूला खोजेंगे। 15 साल के वैभव आईपीएल के एक सीजन में सर्वाधिक 72 छक्के मारकर क्रिस गेल (59) का रिकॉर्ड तोड़ चुके हैं। उनकी हैरतंगेज बैटिंग की दुनिया कायल है। अब आईआईएम इंदौर उनके सक्सेस फॉर्मूले को डिकोड करने पर काम शुरू कर रहा है। आईआईटी डायरेक्टर हिमांशु रॉय ने कहा- यह स्टडी वैभव की उपलब्धियों का विश्लेषण करने के साथ उन सामाजिक, मनोवैज्ञानिक, पारिवारिक व संस्थागत कारकों को भी गहराई से समझेगी जो कम उम्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली प्रतिभाओं को आकार देते हैं।




# मथुरा में छात्रा से रेप में आईआईटी पास साधु गिरफ्तार

**- ऑनलाइन प्रवचन करके अमीर लड़कियां फंसाता था, मोबाइल में मिले अश्लील वीडियो**

**मथुरा, 2 जून (एजेंसी)।** मथुरा में छात्रा से रेप के आरोप में आईआईटी पास इंजीनियर को गिरफ्तार किया गया है। उसका असली नाम अभिषेक मिश्रा (29) है। साधु बनने के बाद नाम बदलकर आदित्यनारायण दास रख लिया। साधु पर छत्तीसगढ़ की 22 साल की लड़की ने रेप का आरोप लगाया है। पीड़ित बीएससी नर्सिंग की छात्रा है। उसने बताया कि अभिषेक मिश्रा ने प्रसाद के नाम पर नशीला दूध पिलाया, फिर रेप करके फोटो-वीडियो बनाए। ब्लैकमेल करने लगा और 5 लाख रुपए मांगे। न देने पर वीडियो-फोटो वायरल करने की धमकी दी। 25 मई को छात्रा ने मथुरा एसएसपी से शिकायत की। उसी दिन थाने में केस दर्ज हुआ। 1 जून को आरोपी को राधाकुंड स्थित उसके मकान से पकड़ा गया। उसके साथ दो युवतियों और एक लड़के को भी पकड़ा गया। पुलिस को आरोपी के मोबाइल से 12 से ज्यादा युवक-युवतियों के अश्लील फोटो मिले हैं। शुरूआती जांच में पता चला कि वह यूट्यूब और अन्य सोशल मीडिया पर ऑनलाइन प्रवचन देता था। इसके बाद कई लोग उसके प्रभाव में आकर उससे संपर्क करते थे। शुरूआत में वह लोगों से ज्ञान और धर्म की बातें करता था, लेकिन उसके टारगेट पर पढ़ी-लिखी, अमीर और बड़ी कंपनियों में जॉब करने वाली युवतियां रहती थीं। कुछ दिन ऑनलाइन प्रवचन देने के बाद वह उन्हें जाल में फंसाता था, फिर मथुरा बुलाता और कुछ दिन साथ में घूमता था। इसके बाद प्रसाद के नाम पर नशीला पदार्थ देकर वह शारीरिक संबंध बनाता था। फोटो-वीडियो भी बना लेता था। पुलिस ने आरोपी को मजिस्ट्रेट के आदेश पर 14 दिन के लिए जेल भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक, आरोपी ने पूछताछ में बताया- मैं मूल रूप से ओडिशा का रहने वाला हूं। पांच साल पहले आईआईटी रुड़की से मैकेनिकल इंजीनियरिंग में बीटेक पास किया। फिर एक कंपनी में 20 लाख के पैकेज पर नौकरी की। नौकरी छोड़कर मथुरा आ गया। यहां तीन साल से रह रहा हूं। पहले गोवर्धन के राधाकुंड में किराए पर मकान लिया, फिर बाद में मकान खरीद लिया। 25 मई को युवती अपने पिता के साथ एसएसपी श्लोक कुमार के ऑफिस पहुंची। उसने शिकायती पत्र दिया। इसमें बताया- मैं छत्तीसगढ़ की रहने वाली हूं। बीएससी नर्सिंग थर्ड सेमेस्टर की पढ़ाई करती हूं। मेरी बहन मथुरा में आईओसीएल में इंटर्नशिप कर रही है। वह साधु अभिषेक मिश्रा के मकान में किराए पर रहती है। शिकायत में बताया गया कि 17 मई को मेरा जन्मदिन था। जन्मदिन मनाने के लिए मैं 15 मई को बहन के पास मथुरा पहुंची। 17 मई को जन्मदिन सेलिब्रेट किया गया। वहीं मेरी मुलाकात अभिषेक मिश्रा से हुई। उसने खुद को साधु बताया। कहा कि वह प्रवचन सुनाता है। रात में बहन मंडली में भजन-कीर्तन करने चली गई। इसी दौरान अभिषेक मिश्रा कमरे में घुस आया। उसने हालचाल पूछा और फिर वहां से चला गया। इसके बाद रात 9 बजे वह दोबारा कमरे में आया। एक गिलास में दूध देते हुए बोला कि यह भगवान का प्रसाद है, इसे पी लो। मैंने मना कर दिया, क्योंकि मुझे दूध से एलर्जी है। लेकिन अभिषेक मुझसे जिद करने लगा। बोला- भगवान का प्रसाद है। इसे मना नहीं करते हैं, तुम्हें पाप लगेगा। फिर मैंने दूध पी लिया। दूध पीते ही बेहोश हो गई। अभिषेक ने मेरे साथ रिलेशन बनाए। छात्रा ने शिकायत में लिखा- होश में आने पर मेरे पेट में दर्द हो रहा था। इसके बाद मेरे साथ फिर से अश्लील हरकत करने लगा। मैंने विरोध किया तो आरोपी ने जान से मारने की धमकी दी।




# भारत बोला- नेपाल से सीमा विवाद में तीसरे पक्ष का रोल बर्दाश्त नहीं

**नेपाल ने कहा था- ब्रिटेन दखल दे**




**नई दिल्ली, 2 जून (एजेंसी)।** भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने भारत-नेपाल सीमा से जुड़े नेपाली पीएम बालेन शाह के हालिया बयान पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच करीब 98% सीमा का निर्धारण पहले ही किया जा चुका है, लेकिन कुछ हिस्सों पर अभी भी सहमति बननी बाकी है। उन्होंने बताया कि गंडक नदी का रास्ता बदलने की वजह से कुछ इलाकों में सीमा से जुड़े सवाल पैदा हुए हैं। इसके अलावा, कुछ जगहों पर सीमा पार कब्जे और नो-मैन्स लैंड पर अतिक्रमण के मामले भी हैं, जिनकी दोनों देश मिलकर मैपिंग कर रहे हैं। विदेश मंत्रालय के अनुसार, सीमा से जुड़े सभी मुद्दों पर चर्चा और समाधान के लिए भारत और नेपाल के बीच पहले से द्विपक्षीय तंत्र मौजूद हैं। भारत-नेपाल सीमा का मामला दोनों देशों के बीच का विषय है और इसमें किसी तीसरे पक्ष की कोई भूमिका नहीं है। दरअसल नेपाली पीएम बालेन शाह ने हाल ही में नेपाल की संसद में कहा था कि सीमा विवाद से जुड़े मुद्दे बातचीत से सुलझाने चाहिए। उन्होंने यह भी कहा था कि इस मामले में ब्रिटेन की भूमिका हो सकती है क्योंकि 1816 की सुगौली की संधि ब्रिटिश भारत और नेपाल के बीच हुई थी।

# पहलगाम हमले में इस्तेमाल मोबाइल कराची-लाहौर से आए थे

**- इनमें बैसरन की लोकेशन-स्क्रीनशॉट थे; 4 साल पहले खरीदे, हमले से हफ्तेभर पहले एक्टिव हुए**




**नई दिल्ली, 2 जून (एजेंसी)।** पहलगाम आतंकी हमले की जांच कर रही राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने नया खुलासा किया है। मुताबिक हमले में शामिल आतंकियों का 28 जुलाई को एनकाउंटर हुआ था। इनके पास से दो मोबाइल रेडमी 9टी (ऑरेंज) और दूसरा रेडमी नोट 12 (ब्लैक) बरामद हुए थे। दोनों फोन की जानकारी निकाली गई। इसमें सामने आया कि मोबाइल 2021 और 2023 में चीन की कंपनी ने की सप्लाई चेन के जरिए पाकिस्तान पहुंचाए गए थे। रेडमी 9टी कराची की कंपनी ने इम्पोर्ट कराकर कराची डिलीवर कराया था। एनआईए ने बताया कि आतंकियों ने पहलगाम की बैसरन घाटी में हमले की प्लानिंग पहले से कर रखी थी। फोरेंसिक जांच के दौरान मोबाइल के नेविगेशन एप में बैसरन की लोकेशन सेव मिली। साथ ही बैसरन घाटी के कई स्क्रीनशॉट भी मिले जो 15-16 अप्रैल को लिए गए थे। 22 अप्रैल को अटैक हुआ था।

## सर्राफा बाजार

**मुजफ्फरनगर, 02 जून, (बु.)।** मुजफ्फरनगर सर्राफा बाजार के भाव इस प्रकार रहेः-

| | | | |
|---|---|---|---|
| सोना- | 161900 | चांदी- | 274200 |
| सिक्का- | 2685 | गिन्नी- | 112070 |

## आपका आज का राशिफल

**बुधवार, 03 जून, 2026**

मेष- साहसिक प्रयास, समझदारी से लिया गया निर्णय हितकर, परोपकार की भावना जागृत, उत्साह में वृद्धि, जिम्मेदारियों हेतु व्यय, जीवन में सुख शांति, हर्ष भी।

वृषभ- निराशा की स्थिति, परिश्रम के बावजूद आंशिक सफलता, वैवाहिक जीवन में मतभेद, सहयोगियों से विवाद की आशंका, नवीन समस्याएँ प्रभावी, यात्रा से हानि।

मिथुन- आकस्मिक लाभ का सिलसिला, राजनैतिक कृत्यों की ओर अभिरुचि, शत्रु हानि पहुँचाने में असफल, जीवन साथी का सानिध्य, समस्याओं का समाधान।

कर्क- अभिलाषा की पूर्ति का सुयोग, पारिवारिक परेशानियों में कमी, परोपकार की ओर प्रवृत्ति, प्रेम सम्बन्धों में अनुकूलता, आपसी सौहार्द, उन्नति का सिलसिला।

सिंह- दिनचर्या व्यवस्थित, प्रियजनों मित्रों से अपेक्षित सहयोग, व्यक्तित्व का विकास, संत समागम, मेल मिलाप में रुचि, आपसी वैमनस्यता में कमी, धर्म-अध्यात्म में रुचि।

कन्या- लाभ में कमी का एहसास, स्वयं की प्रतिभा का उपयोग करने से वंचित, शत्रु हानि पहुँचाने की कोशिश में, स्वजनों से मतभेद, यात्रा में परेशानी, अकेलेपन की अनुभूति।

तुला- निराशा का समापन, इच्छानुकूल घटनाएं घटित, परिवार में मंगल आयोजन सम्पन्न, विपरीत परिस्थितियों पर विजय, व्यापार में धन निवेश, कार्यक्षमता में वृद्धि।

वृश्चिक- कुछेक समस्याएं सुलझने की ओर, स्वास्थ्य सुधार पर, प्रतियोगिता में महत्वपूर्ण सफलता, धन संचय की ओर प्रवृत्ति, सुसंदेश की प्राप्ति, सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि।

धनु- योजनाओं के कार्यान्वयन हेतु मित्रों से विचार-विमर्श, पारस्परिक सम्बन्धों में प्रगाढ़ता, परिवार में सुख-शांति का वातावरण, प्रतियोगिता में सफलता।

मकर- कार्यों में असफलता, व्यापारिक हानि, शारीरिक सुख में बाधा, वैचारिक स्थिरता का अभाव, स्वजनों से तनाव, वाहन से भय, चोट-चपेट दुर्घटना की आशंका।

कुम्भ- स्वास्थ्य सुधार पर, मनोनुकूल कार्य में अनुकूलता, व्यावसायिक सफलता का मार्ग प्रशस्त, उच्चाधिकारियों से सम्पर्क, धनसंचय की ओर प्रवृत्ति, चित्त प्रफुल्लित।

मीन- ग्रहस्थिति भाग्य के पक्ष में, कार्यों के प्रति प्रगति की दिशा में प्रयास सार्थक, परिवार में मंगल आयोजन सम्पन्न, राजनीतिक क्रियाकलापों से प्रतिष्ठा में वृद्धि।

# उत्तराखंड में 300 दिन तक महिला टॉयलेट-कमरे में कैद

**- ससुराल बना टॉर्चर रूम, कच्चे चावल-प्याज खिलाए; प्राइवेट पार्ट पर बोतल-डंडे की चोट**



**देहरादून, 2 जून (एजेंसी)।** उत्तराखंड में एक विवाहिता के लिए उसका ही ससुराल टॉर्चर रूम बन गया। करीब 10 महीने (करीब 300 दिन) तक उसे कमरे और शौचालय में कैद रखकर अमानवीय यातनाएं दी गईं। जुड़वां बच्चों से अलग कर दिया गया और परिवार से मिलने तक नहीं दिया गया। यहां तक कि खाने के नाम पर कच्चे चावल, प्याज, नमक और हरी मिर्च दी जाती रही। मामला देहरादून के सेलाकुई क्षेत्र का है। पीड़िता के पिता ने शिकायत में आरोप लगाया है कि जुलाई 2025 से मई 2026 तक उनकी बेटी को कमरे और टॉयलेट में बंद रखा गया तथा डंडे, पाइप, लोहे की तार और अन्य वस्तुओं से मारपीट की गई। आरोप है कि उसके शरीर के संवेदनशील और प्राइवेट अंगों पर भी चोट पहुंचाई गई, जिससे उसकी शारीरिक और मानसिक स्थिति गंभीर रूप से प्रभावित हुई। शिकायत के अनुसार प्रताड़ना के दौरान महिला को अपने जुड़वां बच्चों से मिलने तक नहीं दिया गया। उसे परिवार के अन्य लोगों से भी दूर रखा गया और बाहरी दुनिया से लगभग पूरी तरह काट दिया गया। पीड़िता के पिता का आरोप है कि उनकी बेटी लगातार मानसिक और शारीरिक उत्पीड़न झेलती रही, लेकिन परिवार को इसकी पूरी जानकारी काफी समय बाद मिल सकी। शिकायत के आधार पर पुलिस ने पति, सास और ससुर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। महिला का पति राहुल खंडूड़ी, दिल्ली के वीर सावरकर स्कूल में सरकारी टीचर है।

# कुख्यात बदन सिंह बद्दो के गुर्गे समेत 6 लोगों के खिलाफ शिकायत

**कारोबारी से 10 लाख की रंगदारी मांगने का आरोप**

**मेरठ, 2 जून (एजेंसी)।** ब्रह्मपुरी थाना क्षेत्र के एक कारोबारी ने कुख्यात अपराधी बदन सिंह बद्दो के कथित गुर्गे समेत छह लोगों पर 10 लाख रुपये की रंगदारी मांगने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने एसएसपी कार्यालय पहुंचकर शिकायत दर्ज कराते हुए कार्रवाई की मांग की है। साईपुरम निवासी हरिओम तोमर घरेलू सामान निर्माण की फैक्टरी संचालित करते हैं। उनका आरोप है कि 20 मई की शाम मुकुट महल के पास कुछ लोगों ने उनका रास्ता रोक लिया। आरोपियों ने उनसे 10 लाख रुपये की रंगदारी मांगी और विरोध करने पर गाली-गलौज शुरू कर दी। पीड़ित के अनुसार, रंगदारी न देने पर आरोपियों ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी। इतना ही नहीं, उनके बच्चों के अपहरण की धमकी भी दी गई। घटना के बाद से परिवार में भय का माहौल है और कारोबारी खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। हरिओम तोमर ने एसएसपी कार्यालय में प्रार्थना पत्र देकर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने और सुरक्षा उपलब्ध कराने की मांग की है। एसएसपी ने मामले की जांच के लिए सीओ ब्रह्मपुरी को निर्देश दिए हैं। वहीं, सीओ ब्रह्मपुरी सौम्या अस्थाना ने बताया कि उन्हें अभी शिकायत पत्र प्राप्त नहीं हुआ है। शिकायत मिलने के बाद मामले की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।



# चारधाम यात्रा व्यवस्थाओं की रोजाना समीक्षा के निर्देश




**देहरादून, 2 जून (एजेंसी)।** चारधाम यात्रा को लेकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। उन्होंने पेयजल, स्वास्थ्य, ट्रैफिक, शौचालय और होल्डिंग एरिया की व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि श्रद्धालुओं को किसी भी तरह की असुविधा नहीं होनी चाहिए और सभी व्यवस्थाओं की रोजाना मॉनिटरिंग की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि यात्रा अब मानसून के चुनौतीपूर्ण दौर में प्रवेश कर रही है। ऐसे में भूस्खलन और आपदा संभावित क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरती जाए। जहां भी अतिरिक्त संसाधनों की जरूरत महसूस हो, उन्हें तत्काल उपलब्ध कराया जाए ताकि यात्रा निर्बाध और सुरक्षित बनी रहे। बैठक के बाद मुख्यमंत्री ने चारधाम यात्रा की अव्यवस्थाओं से जुड़े सोशल मीडिया वीडियो को राजनीतिक करार देते हुए कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कुछ लोग यात्रा और सनातन की छवि खराब करने के लिए ऐसे वीडियो प्रसारित कर रहे हैं, जबकि चारधाम यात्रा प्रदेश की आस्था और अर्थव्यवस्था दोनों का महत्वपूर्ण आधार है। आंकड़ों पर नजर डालें तो चारधाम यात्रा में इस बार श्रद्धालुओं का उत्साह पिछले साल से अधिक दिख रहा है। यात्रा के पहले 44 दिनों में 29.85 लाख से अधिक श्रद्धालु पहुंचे हैं। पिछले साल के मुकाबले ये आंकड़ा करीब 15% ज्यादा है।

# कोलकाता में मेसी का 70 फीट ऊंचा स्टैच्यू हटाया गया



**कोलकाता, 2 जून (एजेंसी)।** कोलकाता के लेक टाउन इलाके में लगी स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेसी के 70 फीट ऊंचे स्टैच्यू को सोमवार को हटा दिया गया। हाल में आए तेज तूफान में स्टैच्यू के हिलने की शिकायत मिली थी। सुरक्षा को देखते हुए प्रशासन ने इसे हटाने का फैसला किया। पीडब्ल्यूडी (लोक निर्माण विभाग) के अधिकारियों ने हाइड्रोलिक क्रेन से स्टैच्यू को उसके आधार से अलग किया। इसके बाद उसे सुरक्षित तरीके से ट्रक पर रखकर दूसरी जगह पहुंचाया गया। हटाने की प्रक्रिया में स्टैच्यू को कोई नुकसान नहीं हुआ। यह स्टैच्यू पिछले साल दिसंबर में लगाया गया था। उस समय मेसी के कोलकाता दौरे के दौरान इसका उद्घाटन हुआ था। मेसी ने रिमोट कंट्रोल के जरिए स्टैच्यू का अनावरण किया था। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक ये स्टैच्यू करीब 10 करोड़ रुपए में बना था। यह मूर्ति लोहे और फाइबर से बनाई गई थी। इसे सिर्फ 40 दिनों में तैयार किया गया था।

# 20 दिवसीय ग्रीष्मकालीन कला कार्यशाला का भव्य समापन

**- तीन दिवसीय कला प्रदर्शनी का शुभारंभ**



**मुजफ्फरनगर, 02 जून (बुस.)।** ललित कला विभाग, श्री राम कॉलेज में राज्य ललित कला अकादमी, उत्तर प्रदेश एवं राष्ट्रीय कला मंच, मेरठ प्रांत के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 20 दिवसीय ग्रीष्मकालीन कला कार्यशाला का भव्य समापन दीप प्रज्ज्वलन एवं सांस्कृतिक गरिमा के साथ संपन्न हुआ। समापन समारोह में राष्ट्रीय कला मंच, मेरठ प्रांत के प्रांत सह-संगठन मंत्री श्री अनुज श्रीवास्तव, राज्य ललित कला अकादमी, उत्तर प्रदेश के सदस्य अभिनवदीप, श्रीराम कॉलेज की प्राचार्या डॉ. प्रेरणा मित्तल, ललित कला विभाग के निदेशक डॉ. मनोज धीमान, राष्ट्रीय कला मंच, मेरठ प्रांत के मनोज कुमार सिंह सहित अनेक गणमान्य अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में ललित कला विभागाध्यक्ष मीनाक्षी काकरान, रीना त्यागी, मयंक सैनी, रजनीकांत, मानसी नामदेव तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे। अपने संबोधन में डॉ. प्रेरणा मित्तल ने कहा कि उत्तर प्रदेश में कला एवं संस्कृति के संवर्धन हेतु किए जा रहे ऐसे प्रयास अत्यंत सराहनीय हैं। राज्य ललित कला अकादमी, उत्तर प्रदेश के सदस्य अभिनवदीप ने कहा कि राष्ट्रीय कला मंच समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने वाले प्रत्येक युवा कलाकार को प्रोत्साहित करने और उन्हें आगे बढ़ाने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। राष्ट्रीय कला मंच, मेरठ प्रांत के मनोज कुमार सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय कला मंच कला के माध्यम से समाज की आवाज को सशक्त बनाने का कार्य करता है। ललित कला विभाग के निदेशक डॉ. मनोज धीमान ने कहा कि यह कार्यशाला विद्यार्थियों के लिए कला के विविध आयामों को समझने और अपनी प्रतिभा को निखारने का एक उत्कृष्ट मंच सिद्ध हुई है। कार्यशाला के समापन अवसर पर यह भी घोषणा की गई कि प्रतिभागियों द्वारा तैयार की गई उत्कृष्ट कलाकृतियों की विशेष प्रदर्शनी आगामी तीन दिनों तक ललित कला विभाग में आयोजित की जाएगी। इस प्रदर्शनी में कार्यशाला के दौरान निर्मित पेंटिंग, स्केच, हस्तशिल्प एवं अन्य रचनात्मक कलाकृतियाँ प्रदर्शित की जाएँगी, जिससे कला प्रेमियों एवं आमजन को युवा कलाकारों की प्रतिभा को निकट से देखने का अवसर प्राप्त होगा। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों, प्रशिक्षकों एवं प्रतिभागी छात्र-छात्राओं के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

# चंडीगढ़ के नामी स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी

**चंडीगढ़, 2 जून (एजेंसी)।** नामी स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस) सेक्टर-40, स्ट्रॉबेरी फील्ड्स और सेक्टर-25 के चितकारा इंटरनेशन स्कूल को ई-मेल के जरिए ब्लास्ट की धमकी दी गई। जिसके बाद पुलिस, बम स्क्वायड और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। ई-मेल में कहा गया कि 1 बजे स्कूलों में ब्लास्ट करेंगे। 3.11 बजे हरियाणा के सीएम ऑफिस में भी ब्लास्ट करेंगे। चंडीगढ़ खालिस्तान बनेगा। अंबाला से दिल्ली तक के रेलवे ट्रैक पर लगातार धमाके किए जाएंगे। धमकी मिलने के बाद स्कूल प्रबंधन ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। मोहाली के न्यू चंडीगढ़ में स्ट्रॉबेरी फील्ड्स हाई स्कूल को धमकी भरे ईमेल मिलने की जानकारी मिलने के बाद रअर नगर पुलिस ने तुरंत एक्शन लिया और स्कूल में स्पेशल सिक्योरिटी चेकिंग और कड़ी निगरानी शुरू कर दी। मुल्लापुर थाना प्रभारी अमनदीप सिंह ने कहा कि मोहाली पुलिस माता-पिता, टीचरों और नागरिकों को भरोसा दिलाती है कि बच्चों की सुरक्षा हमारी सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। पूरी टीम बहुत सावधानी, तैयारी और सतर्कता के साथ अपना काम कर रही है।

# सरकारी पट्टे की जमीन पर अवैध कब्जे का आरोप, एसडीएम से लगाई गुहार

**बुढ़ाना, 2 जून (बु.)।** ब्लॉक बुढ़ाना के ग्राम कुरावा निवासी दो सगे भाई संजीव कुमार और सुनील कुमार पुत्रगण स्व. इंद्रपाल ने सरकारी पट्टे की अपनी पैतृक जमीन पर अवैध कब्जा करने और धमकी देने का आरोप लगाते हुए मंगलवार को एसडीएम कृष्णकांत विश्वकर्मा को प्रार्थना पत्र दिया। दोनों भाइयों के अनुसार, उनके पिता इंद्रपाल पुत्र रघुवीर को खसरा संख्या 240/2 खतौनी 378 पर 23 अगस्त 1975 को इंदिरा गांधी आवासीय योजना के तहत 100 वर्ग गज का सरकारी पट्टा आवंटित हुआ था। पिता की मृत्यु के बाद से दोनों भाई उस प्लॉट पर काबिज हैं। आरोप है कि गांव के ब्रजपाल पुत्र खिला उर्फ पहाड़ी कश्यप ने फर्जी स्टाम्प पेपर के आधार पर प्लॉट पर कब्जा करने का प्रयास किया। स्टाम्प पर उनके पिता के हस्ताक्षर और फोटो नहीं हैं। इस सम्बंध में 21 मई को भी शिकायत दी गई थी, जिस पर जांच के आदेश देकर लेखपाल को मौके पर भेजा गया था, लेकिन जांच अब तक पूरी नहीं हुई। आरोपियों और कुछ अन्य लोगों ने दोनों भाइयों को खुली चेतावनी दी है कि मामला पंचायत में निपटाएं, वरना गांव छोड़ना पड़ेगा। डरे-सहमे दोनों भाइयों ने एसडीएम से अवैध कब्जा हटवाकर प्लॉट दिलवाने और अपनी व परिवार की सुरक्षा के लिए आरोपियों को मुचलका पाबंद करने की मांग की है। एसडीएम बुढ़ाना ने मामले की जांच के लिए फुगाना पुलिस को निर्देश दिए हैं।

# वर्चुअल बैठक द्वारा टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जनभागीदारी बढ़ाने पर दिया बल

**- सीडीओ की अध्यक्षता में जनपद की 65 औद्योगिक इकाइयों के प्रतिनिधियों के साथ वर्चुअल बैठक आयोजित हुई**

**मुजफ्फरनगर, 02 जून (बुस.)।** टीबी मुक्त भारत अभियान के 100 दिवसीय अभियान के अंतर्गत जनभागीदारी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सीडीओ कमल किशोर कंडारकर की अध्यक्षता में जनपद की 65 औद्योगिक इकाइयों के प्रतिनिधियों के साथ वर्चुअल कॉन्फ्रेंस के माध्यम से बैठक आयोजित की गई। बैठक में सीएमओ सुनील तेवतिया, जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. लोकेश गुप्ता व क्षेत्रीय प्रदूषण नियंत्रण अधिकारी गितेश चंद भी उपस्थित रहे। बैठक में उद्योगों के प्रतिनिधियों को टीबी उन्मूलन हेतु समाज की सहभागिता बढ़ाने तथा टीबी रोगियों को गोद लेकर उन्हें पोषण पोटली उपलब्ध कराने के लिए प्रेरित किया गया। अधिकारियों द्वारा बताया गया कि प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत निक्षय मित्र बनकर उद्योग, संस्थाएं एवं सामाजिक संगठन टीबी रोगियों को पोषण सहायता प्रदान कर सकते हैं, जिससे उनके उपचार एवं स्वास्थ्य लाभ में सहायता मिलती है। मुख्य विकास अधिकारी कंडारकर ने कहा कि टीबी मुक्त भारत का लक्ष्य केवल स्वास्थ्य विभाग के प्रयासों से नहीं बल्कि समाज के प्रत्येक वर्ग की सहभागिता से ही संभव है। उन्होंने सभी औद्योगिक इकाइयों से आगे आकर अधिक से अधिक टीबी मरीजों को गोद लेने एवं उन्हें पोषण सहायता उपलब्ध कराने का आह्वान किया। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. लोकेश गुप्ता ने अभियान की विस्तृत जानकारी देते हुए उद्योग प्रतिनिधियों को निक्षय मित्र योजना एवं पोषण पोटली वितरण की प्रक्रिया के बारे में अवगत कराया। क्षेत्रीय प्रदूषण नियंत्रण अधिकारी गितेश चंद ने कहा कि वह इस अभियान में अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करेंगे तथा औद्योगिक इकाइयों को भी टीबी मरीजों के सहयोग हेतु आगे आने के लिए प्रेरित करेंगे। बैठक में उपस्थित सभी उद्योग प्रतिनिधियों द्वारा शीघ्र ही टीबी मरीजों हेतु पोषण पोटलियों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए सहमति प्रदान की गई तथा अभियान में सक्रिय सहभागिता का आश्वासन दिया गया।




# विवाहिता से छेड़छाड़ का आरोप, विरोध पर मां-मामा पर हमला



**चरथावल, 02 जून (बु.)।** चरथावल में एक विवाहिता ने अपने देवर पर छेड़छाड़ और जबरन संबंध बनाने के प्रयास का आरोप लगाया है। पीड़िता का कहना है कि विरोध करने पर उसके देवर ने मां और मामा पर बलकटी से हमला कर उन्हें बंधक बना लिया। इस मामले में पुलिस पर कार्रवाई न करने का आरोप लगाते हुए पीड़िता ने एसएसपी से न्याय की गुहार लगाई है। पीड़िता ने एसएसपी को दी शिकायत में बताया कि उसका पति विदेश में रहता है। इसी का फायदा उठाकर उसके देवर ने घर में घुसकर उसके साथ छेड़छाड़ की और जबरन संबंध बनाने का प्रयास किया, जब उसने इसका विरोध किया, तो आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी दी और मौके से फरार हो गया। घटना की जानकारी मिलने पर पीड़िता की मां और मामा ससुराल पक्ष से बात करने पहुंचे। आरोप है कि वहां विवाद बढ़ गया और पीड़िता की सास व ननदों ने उन पर धारदार हथियार (बलकटी) से हमला कर दिया। इस हमले में मां के सिर में गंभीर चोट आई। इसके बाद दोनों को एक कमरे में बंधक बना लिया गया। सूचना मिलने पर डायल-112 पुलिस मौके पर पहुंची और मां-मामा को बंधक मुक्त कराया। पीड़िता का आरोप है कि चरथावल थाने में शिकायत दर्ज कराने के बावजूद पुलिस ने कोई ठोस कार्रवाई नहीं की। इसके बाद उसने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से मिलकर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर सख्त कार्रवाई की मांग की है। चरथावल थाना प्रभारी सत्यनारायण ने आरोपों को निराधार बताया है। एसएसपी संजय वर्मा का कहना है कि महिला की शिकायत पर कार्रवाई हेतु निर्देशित कर दिया गया है। फिलहाल, यह मामला पुलिस के संज्ञान में है और पीड़ित पक्ष न्याय की उम्मीद कर रहा है।

# जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में दो जगह बादल फटे



**नई दिल्ली, 2 जून (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले के गहन सरथल और माछीपाल इलाके में मंगलवार को बादल फटे है। अधिकारियों के मुताबिक, हालात का जायजा लेने के लिए प्रशासन की टीमें मौके पर भेजी गई हैं। लोगों से सतर्क रहने की अपील की गई है। मौसम विभाग के मुताबिक, मानसून 4 जून को केरलम के तट पर पहुंच सकता है। पहले 26 मई को केरलम पहुंचने का अनुमान था। मानसून आमतौर पर 1 जून के आसपास केरलम पहुंचता है और अगले डेढ़ महीने में पूरे देश को कवर करता है। 23 राज्यों में जून की शुरूआत के साथ गर्मी से राहत मिली है। दिल्ली, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, पंजाब, मध्य प्रदेश, हरियाणा और बिहार के कई इलाकों में बारिश, आंधी और ओलावृष्टि हुई। कई जगह बादल छाने से तापमान सामान्य से नीचे दर्ज हुआ। मध्य प्रदेश के नीमच में सोमवार रात मकान की छत ढहने से मां-बेटे की मौत हो गई। वहीं, राजस्थान के जैसलमेर और बाड़मेर में दीवार ढहने से दो बच्चों सहित 3 लोगों की मौत हो गई।

# विधानसभाओं में तेजी से बिल पास करने का चलन बढ़ा

**- औसतन विधानसभाएं सिर्फ 24 दिन चलीं; 30% विधेयक एक दिन में पास**

**नई दिल्ली, 2 जून (एजेंसी)।** राज्यों की विधानसभाओं में तेजी से बिल पास करने का चलन बढ़ा है। पीआरएस लेजिस्लेटिव की रिपोर्ट के मुताबिक 2025 में 30% विधेयक उसी दिन पारित कर दिए गए, जिस दिन उन्हें सदन में पेश किया गया। औसतन विधानसभाएं सिर्फ 24 दिन चलीं। 2025 में विधानसभाओं में बजट पर औसतन 8 दिन चर्चा हुई। तमिलनाडु में बजट पर 27 दिन बहस चली। पंजाब ने बजट चर्चा सिर्फ 2 दिन में खत्म की। 1950 के दशक में भारत में राज्य विधानसभाओं का कामकाज काफी सक्रिय और लंबा होता था। उस दौर में देश की विधानसभाएं साल में औसतन 60 से 70 दिन तक चलती थीं। उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल और मद्रास (अब तमिलनाडु) जैसे बड़े राज्यों की विधानसभाओं की बैठकें साल में 90 से 120 दिन से भी अधिक समय के लिए बुलाई जाती थीं।


संस्थापक सम्पादक एवं हमारे प्रेरणास्रोत स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

**मुजफ्फरनगर बुलेटिन**

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रात:कालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
**सम्पादक-अंकुर दुआ**
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

